Title: Need to provide financial assistance to Government of Maharashtra for repair of roads in Nanded and Hingoli districts.

श्री शिवाजी माने (हिंगोली) : उपाध्यक्ष महोद्य, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान महाराष्ट्र के नानदेड़ और हिंगोली जिले की सड़कों की दयनीय स्थिति से अवगत कराना चाहता हूं। जो पक्की सड़कें हैं, उनके अन्दर जगह-जगह गड्ढे पड़े हुए हैं और जो गांवों से कच्ची सड़कें पक्की सड़कों तक भिजाई गई थी वो सालों से इसी तरह पड़ी हुई हैं। जिला प्रशासन धन के अभाव में इन सड़कों की मरम्मत करने तथा कच्ची सड़कों को पक्की सड़कों में बदलने में असमर्थ है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि उपरोक्त कार्य हेतु तुरन्त 50 करोड़ रुप्ये का प्रावधान करने की कृपा करें और इस बात को भी सुनिश्चित करें कि यह धन इसी कार्य पर खर्च किया जाए।